हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 22 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 28.5 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

12 पावर हाउस बनकर तैयार, लोड डिवाइड करने को...

12 अंडर-14 प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दम...




AIT KANINA PHARMACY COLLEGE
Approved by : AICTE & PCI, New Delhi
पॉलिटेक्निक करें
नौकरी पाएं
B.PHARM (4 YEARS) D.PHARM (2 YEARS)
2 YEARS COURSE
ADMISSION OPEN
For Session 2026-27
Eligibility : 10+2 Pass (Medical & Non-Medical)
सीटें सीमित
पता : AIT Pharmacy College गाहड़ा रोड, कनीना Mob. : 9992696300, 9466464921



रेवाड़ी। तालाब बनी नाईवाली सब्जीमंडी, बच्चे को लेकर निकलती महिला।

### सरकुलर और बावल रोड सहित कई मुख्य मार्ग जलमग्न
# बरसात से राहत के साथ आफत सड़कों पर जलभराव बना परेशानी


रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर जलभराव से लगा जाम, भाड़ावास गेट के पास व पुराना हाउसिंग बोर्ड रोड पर जमा बरसात का पानी । फोटो : हरिभूमि

- नालों की सफाई पूरी न होने से बढ़ी लोगों की परेशानी
- सरकुलर रोड व हाइवे पर लगा जाम, रेंगते वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मंगलवार सुबह हुई बरसात ने शहरवासियों को गर्मी से राहत देने के साथ आफत में डाल दिया। नागरिक अस्पताल, बस स्टैंड, सरकुलर रोड, बावल रोड, अनाजमंडी, ब्रास मार्केट व नाईवाली सब्जीमंडी सहित हाउसिंग बोर्ड मार्ग पर भारी मात्रा में पानी जमा हो गया। जलभराव के कारण दिल्ली-जयपुर हाइवे एनएच-48 पर वाहन रेंगते नजर आए, जिससे सुबह के समय घंटो जाम की स्थिति बनी रही। वहीं जलभराव के कारण सरकुलर रोड पर नाईवाली चौक से अग्रसेन चौक तक जाम लगा रहा, जिससे राहगीरों व वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। नगर परिषद की ओर से शहर के नालों की सफाई का कार्य पूरा न करने के कारण एक बार फिर से शहर में जलभराव हो गया। शहर के कई स्थानों पर शाम तक भी पानी की निकासी नहीं हो पाई। प्रशासन की ओर से प्रति वर्ष शुरू होने के बाद नालों की सफाई शुरू की जाती है, जिसके बाद शहर की पूरी व्यवस्था बिगड़ जाती है और इस अव्यवस्था का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ता है। इस वर्ष करोड़ों का ठेका देने के बाद भी नाले गंदगी से सरोबार है, जिससे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। वहीं टूटी सड़कों के गड्ढों में बरसात का पानी जमा होने से वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

## अनाजमंडी में टीन शेड के नीचे भरा पानी


अनाजमंडी में फड पर सफाई नहीं होने से नालियां बंद बड़ी हुई है, जिससे पानी का निकास नहीं हो पा रहा है। मंगलवार को आई बरसात से टीन शेड के नीचे जलभराव हो गया, जिससे व्यापारियों की फसल भी भीग गई। वहीं अनाजमंडी में पानी की निकासी नहीं होने से दुकानों के पीछे की सड़क सहित कई जगह जलभराव हो गया, जिससे लोगों के लिए आफत पैदा हो गई।

**प्रशासन नहीं ले रहा सड़कों की सुध**

शहर कह कई सड़कों की लंबे समय से दयनीय हालत बनी हुई है। सड़कों पर भारी-भरकम गड्ढे होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात आने पर जलभराव होने से गड्ढे न दिखने से लोगों को हर समय हादसा होने का डर बना रहता है। शहर के सरकुलर रोड, बावल रोड व पुराना हाउसिंग बोर्ड रोड सहित अनेक मार्गो पर सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए है।

## हाइवे पर जलभराव से लगा वाहनों का जाम

बरसात से दिल्ली-जयपुर हाइवे पर जलभराव हो गया, जिससे वाहन की गति धीमी हो गई। घंटों तक पानी की निकासी नहीं होने पर वाहन सड़क पर रेंगते नजर आए। वाहन की लंबी कतार लगने से जाम लग गया। पानी का स्तर कम होने के बाद वाहन चालकों को जाम से राहत मिली। वहीं धारूहेड़ा कस्बे में लंबे समय से बरसाती नाले गंदगी से सरोबार है, वही सीवर सिस्टम भी फेल हो रहा है। मंगलवार को आई बरसात से कस्बे की का नंदरामपुर बास रोड व सोहना रोड सहित ज्यादातर सड़कों पर जलभराव हो गया। सड़कों पर दो से तीन फीट तक पानी जमा होने से वाहन चालकों व राहगीरों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि नगर पालिका व जनस्वास्थ्य विभाग की सुस्त कार्यशैली कस्बे के लिए आफत बन गई है। कस्बे में सफाई के नाम पर लापरवाही बरती जा रही है।



# रोडवेज कर्मी 25 को करेंगे परिवहन मंत्री आवास का घेराव


रेवाड़ी। बैठक में मौजूद रोडवेज यूनियन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी साझा मोर्चा के बैनर तले 25 जुलाई को परिवहन मंत्री के आवास होने वाले न्याय मार्च की तैयारी के लिए मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर मोर्चा के सदस्य राजपाल यादव, शवि यादव, संजय यादव, प्रवीण यादव व सुरेश यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार रोडवेज विभाग की अनदेखी कर रही है। वर्षों से नियमित भर्ती नहीं होने के कारण चालक, परिचालक, मैकेनिक, हेल्पर, सफाई कर्मचारी एवं अन्य कर्मचारियों के हजारों पद खाली पड़े हैं। इसका सीधा असर कार्यरत कर्मचारियों पर पड़ रहा है, जिन्हें अत्यधिक कार्यभार के बीच परिवहन सेवाएं संचालित करनी पड़ रही हैं। इससे कर्मचारियों पर मानसिक एवं शारीरिक दबाव बढ़ रहा है और यात्रियों को भी पर्याप्त परिवहन सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं।

वक्ताओं ने कहा कि सरकार सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के बजाय महंगे ठेकों पर इलेक्ट्रिक बसें संचालित कर रही है। इन बसों में हरियाणा सरकार की ओर से सरकारी रोडवेज बसों में दी जाने वाली विभिन्न रियायतें लागू नहीं हैं, जिससे आम जनता को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। महंगे अनुबंधों के कारण रोडवेज विभाग में लगातार घाटा भी बढ़ रहा है,वही सरकारी बेड़े को मजबूत करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार बार-बार यूनियन प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करती है, बैठकों में कर्मचारियों की अनेक मांगों को उचित भी माना जाता है, लेकिन उन्हें लागू नहीं किया जाता है इससे कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने परिचालक एवं चालक का पे-ग्रेड बढ़ाने, हरियाणा कौशल विभाग के तहत लगे चालक-परिचालक एवं अन्य कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से पक्का करने, कर्मचारियों के कम किए गए देय अर्जित अवकाश को पूर्व की भांति देने, धुलाई भत्ता पूर्व की भांति देने, वर्षों से लंबित बोनस का भुगतान करने, 2018 के ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कैडर से बाहर की मांग की। इस मौके पर रविंद्र झाडौदा, नवीन कुमार, प्रवीण कुमार, कप्तान सिंह, उधम सिंह, रायसिंह पहलवान व नवीन यादव सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**कोसली।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत वर्ष क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने गत 3 फरवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार तीन वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। बावल थाना पुलिस ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे के बाद गत 25 जून को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के पहाड़ी निवासी सागर को गिरफ्तार कर लिया। थाना कसोला पुलिस ने 17 जुलाई को दर्ज मामले में राजस्थान के चिमरावली निवासी फकरुद्दीन को गिरफ्तार किया है।

### चोरी के मामले में आरोपी को भेजा जेल

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए एक आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 19 जून को चोरी का केस दर्ज किया था। पुलिस ने राजस्थान के बास का रोड भूड़ पहाड़ी किशनगढ़ बास निवासी सोनू को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ करने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया।

## सात साल बाद चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

- जून 2019 में जिला सचिवालय की पार्किंग से चोरी हुई थी बाइक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना माडल टाउन पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को वारदात के 7 साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी को बाइक बरामद करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

शिव कालोनी निवासी नवीन कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया था कि 18 जून 2019 को उसने अपनी बाइक जिला सचिवालय की स्टाफ पार्किगं में खड़ी की थी। वापस आने के बाद उसे बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला।


रेवाड़ी। चोरी का आरोपी सोनू।

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के जिला अलवर के किशनगढ़ बांस नजदीक भूड पहाडी बांसका रोड निवासी सोनू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी की निशानदेही पर चोरी की बाइक भी बरामद कर ली। पुलिस प्रशासन ने बाइक चोरी के आरोपी को सात साल बाद गिरफ्तार किया है। इसके बाद में उसे कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया।

## एसआईआर अभियान के तीन दिन शेष पात्रों के गणना प्रपत्र जमा कराने की अपील

- डीसी अभिषेक मीणा ने एसआईआर कार्य को लेकर की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान के तहत गणना प्रपत्र जमा कराने के लिए केवल तीन दिन शेष रह गए हैं। इसकी अंतिम तिथि 24 जुलाई है। डीसी ने कहा कि जिन मतदाताओं ने अपना गणना प्रपत्र संबंधित बीएलओ को जमा नहीं कराया है वे समय रहते अपना गणना प्रपत्र जमा कराएं। डीसी ने बीएलओ को भी निर्देश दिए कि कोई भी मतदाता गणना प्रपत्र जमा कराने से नहीं छुटे जिनका गणना प्रपत्र जमा नहीं हुआ हो। उपायुक्त अभिषेक मीणा ने मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से एसआईआर अभियान के तहत जिले में किए जा रहे कार्य को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक से पहले हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए श्रीनिवास ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी डीसी और अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 31 जुलाई को होगा।


रेवाड़ी। एसआईआर कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।



### एक्स सर्विस लीग की बैठक में कैंटीन के स्थाई भवन की आवश्यकता पर दिया जोर

**रेवाड़ी।** कोसली स्थित एक्स सर्विस लीग की मासिक बैठक लीग के प्रधान कैप्टन करतार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कोसली यूआरसी कैंटीन के मैनेजर सीताराम तथा ईसीएचएस के अधिकारी कमांडर नरेंद्र कुमार यादव भी उपस्थित थे। उन्होंने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की ओर से उठाई गई समस्याओं को सुनकर कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। बैठक में पूर्व सैनिकों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता व कैंटीन व्यवस्था पर चर्चा हुई। सदस्यों ने कहा कि कोसली कैंटीन के लिए स्थाई भवन की आवश्यकता काफी समय से महसूस की जा रही है। इस संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही कोसली के विधायक से मिलकर कैंटीन भवन के निर्माण के लिए मांग पत्र सौंपा जाएगा। इस मौके पर पदाधिकारियों व पूर्व सैनिकों ने ईसीएचएस परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे भी लगाए। इस अवसर पर लीग के पैट्रन कर्नल सुधीर यादव, सरपंच रामकिशन जांगड़ा, पूर्व वाइस चेयरमैन विजय आजाद यादव, सूबेदार सर्व सुख व सूबेदार सुक्रमपाल आदि रहे।

## तस्करों पर शिकंजा: अवैध शराब की गाड़ी पकड़ी, 150 पेटी बरामद

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने पटौदी डबल फाटक के पास एक टाटा कैरी गाड़ी से 150 पेटी शराब बरामद की है। शराब की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने गाड़ी चालक को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक टाटा कैरी गाड़ी में भारी मात्रा में शराब भरी हुई है। यह गाड़ी गोकलगढ़ से पटौदी की ओर जाएगी। पुलिस ने पटौदी रोड डबल फाटक के पास नाकेबंदी करते हुए वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। गोकलगढ़ की ओर से आ रही एक टाटा कैरी के चालक ने पुलिस को देखकर गाड़ी को वापस मोड़ने का प्रयास किया। पुलिस ने गाड़ी को वहीं रुकवा लिया। चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम चिल्हड़ निवासी विकास उर्फ तरे बताया। बारिश होने के कारण पुलिस चालक को गाड़ी सहित थाने ले गई। गाड़ी की तलाशी लेने पर उससे 90 पेटी देशी शराब, 25 पेटी अंग्रेजी शराब व 35 पेटी बीयर बरामद हुई। पूछताछ करने पर चालक विकास शराब का परमिट या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के लिए आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है।



### आंदोलन जल्द खत्म होने के आसार कम, एसडीएम के तबादले पर अड़े
# दूसरे दिन भी धरने पर बैठे वकील, मुंशियों ने दिया समर्थन

**16 अप्रैल को सांकेतिक धरने के बाद सीएम से लेकर जनप्रतिनिधियों को सौंपें ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला बार एसोसिएशन के बैनर तले शुरू किया गया वकीलों का धरना दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। आंदोलन कर रहे वकीलों के साथ उनके मुंशी भी मैदान में उतर आए हैं। साथ ही बावल और कोसली की बार एसोसिएशन ने भी वकीलों के आंदोलन को अपना समर्थन देने की घोषणा कर दी, जिससे वहां भी कामकाज ठप रहा।

मंगलवार को दूसरे दिन भी वकील कोर्ट परिसर में आने के बाद धरने पर बैठ गए। वकीलों को संबोधित करते हुए जिला बार प्रधान विश्वामित्र ने कहा कि वकीलों के प्रति एसडीएम का व्यवहार सही नहीं होने के कारण उनके तबादले की मांग की जा रही है। वह 16 अप्रैल को सांकेतिक धरने के बाद सीएम से लेकर इलाके के जनप्रतिनिधियों तक को ज्ञापन दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि जब तक एसडीएम का यहां से तबादला नहीं होगा, तब तक वकील आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे।


रेवाड़ी। मंगलवार को धरने पर मौजूद वकील।

### ये रहे धरने पर मौजूद

धरने पर दूसरे दिन एडवोकेट सौरभ यादव, एडवोकेट राजकुमार गेरा, एडवोकेट अश्विनी तिवारी, नरेन्द्र मोनू राव, सचिन भूरथला, नरेश कुमार, मनोज यादव, राकेश राव, एडवोकेट राजेन्द्र सिंह, राजरतन, अजय अत्री, एसएन वशिष्ठ, सुरेश राव, मनोज शर्मा, रामफल यादव, सुनीता यादव, रजवंत डहीनवाल व विजय यादव सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

### बढ़ सकती है लोगों की परेशानी

वकीलों के साथ मुंशियों के भी आंदोलन में शामिल होने के बाद कोर्ट में आने काम से आने वाले लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। वकीलों के हड़ताल पर जाने के बाद मुंशी लोगों को तारीख दिलाने और दूसरे कार्य कराने में मददगार साबित हो रहे थे। अब लोगों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



# रेखा मेरे करीब बैठतीं और मुझे सहज महसूस कराती थीं : शेखर

**नई दिल्ली।** साल 1984 में आई फिल्म 'उत्सव' से शेखर सुमन ने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ रेखा लीड रोल में थीं। हाल ही में शेखर ने एक बातचीत में बताया कि उस समय रेखा इंडस्ट्री की बड़ी स्टार थीं, लेकिन उन्होंने कभी उन्हें ये एहसास नहीं होने दिया कि वो फिल्मों में नए कलाकार हैं। शेखर ने एक बातचीत के दौरान कहा कि कई बड़े सितारे अपने स्टारडम का असर सेट पर दिखाते हैं, लेकिन रेखा का स्वभाव बिल्कुल अलग था। वह उनके साथ बैठतीं, बातें करतीं और उन्हें सहज महसूस कराती थीं। इसी वजह से कैमरे के सामने काम करना उनके लिए आसान हो गया। एक्टर ने कहा, 'उन्होंने शुरू से ही ऐसा किया।

लाइफ Style

# साहिबा

## कोई नेशनल न्यूज नहीं है मेरी डेटिंग लाइफ

एक्टर और डिजिटल क्रिएटर साहिबा बाली ने अपनी पर्सनल लाइफ और अर्जुन कपूर के साथ डेटिंग की अफवाहों पर होने वाली कवरेज की आलोचना की है और लोगों से कहा है कि वे ज्यादा जरूरी मुद्दों पर ध्यान दें।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उनका यह बयान लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर हुई एक सभा की फोटो शेयर करने के बाद आया। हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ पर मिल रही अटेंशन पर प्रतिक्रिया देते हुए साहिबा बाली ने कहा कि उनकी डेटिंग लाइफ कोई नेशनल न्यूज नहीं है और मीडिया से अपील की कि वे ऐसी कहानियों पर ध्यान दें जो सच में लोगों का ध्यान खींचने लायक हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'डियर मीडिया, लंदन में मेरी डेटिंग लाइफ/दोस्ती के बारे में अंदाजे लगाना बंद करो, यह कोई नेशनल न्यूज़ नहीं है। अगर दिखाना ही है तो कुछ अच्छा दिखाओ'। साहिबा का यह बयान तब आया है जब अर्जुन कपूर के साथ उनके डेटिंग की अफवाहें तेजी से फैल रही थीं। यह चर्चा तब शुरू हुई जब दोनों को लंदन के मशहूर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे मैच के दौरान एक साथ देखा गया, जिससे सोशल मीडिया पर काफी बातें होने लगीं। इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए, साहिबा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अर्जुन के साथ एक तस्वीर शेयर की और एक मजाकिया कैप्शन के साथ इन अफवाहों को खारिज करने की कोशिश की, जिसमें लिखा था, 'हर बात पर यकीन न करें'।



## हॉलीवुड मसाला




# पर्दे पर फिर लौटेगा सुपरहीरो डेडपूल...

**नई दिल्ली।** भारत में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के बैनर तले बनने वालीं सुपरहीरोज मूवीज का क्रेज काफी देखने को मिलता है। कैप्टन अमेरिका से लेकर स्पाइडर मैन तक तमाम एमसीयू मूवीज ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। इसके अलावा डेडपूल भी मार्वल का वह सुपरहीरो कैरेक्टर है, जिसे इंडिया में काफी पसंद किया जाता है। अब खबर आ रही है कि एमसीयू डेडपूल 4 की तैयारी में लगा हुआ है, जिसका कन्फर्मेशन हॉलीवुड अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स की तरफ से आया है।



# अवेंजर्स ... का ट्रेलर रिलीज लौट गए कैप्टन अमेरिका

**लॉस एंजिल्स।** बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डॉक्टर डूम से लड़ने के लिए क्रिस हेम्सवर्थ और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स व अन्य जगहों के कई सुपरहीरो वापस आए हैं। पहले ट्रेलर में पिछली मार्वल और एक्स-मेन फिल्मों के कई मशहूर किरदार दिखाई देते हैं। एवेंजर्स सीक्वल के पहले ट्रेलर में एक बड़ी टीम दिखाई गई है। ये लोग दुनिया को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। थोर (क्रिस हेम्सवर्थ) असल लीडर की भूमिका निभाते हैं। थोर चेतावनी देता है कि अगर वे अभी एक साथ नहीं खड़े हुए, तो उनकी पिछली कुर्बानियां बेकार चली जाएंगी। वह उनसे अपनी छोटी-मोटी लड़ाइयां भुलाकर लड़ने के लिए कहता है। दो मिनट 26 सेकंड का यह ट्रेलर एक जबरदस्त रीयूनियन के साथ खत्म होता है।



# सलमान की मातृभूमि का नया पोस्टर जारी


**मुंबई।** मेकर्स ने फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर साझा किया है। इसी के साथ निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया (एक्स) पर शेयर किया गया है। पोस्टर के साथ लिखा गया है- 'एक सैनिक का वादा। एक परिवार की ताकत। एक राष्ट्र का गौरव।' इस पोस्टर के हिसाब से 'मातृभूमि' इसी साल रिलीज होगी। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक रिलीज की पक्की तारीख नहीं बताई है, लेकिन यह तय है कि फिल्म इसी साल पर्दे पर आएगी। इस नए पोस्टर पर ध्यान देने वाली बात यह है कि इसमें निर्देशक का नाम नहीं लिखा है। इस पर सिर्फ सलमान खान फिल्म्स की एक फिल्म लिखा है। मेकर्स ने अभी तक इसकी वजह नहीं बताई है। शुरुआत में इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था।



# मिर्जापुर की शूटिंग हुई असली श्मशान में

**मुंबई।** मिर्जापुर 3 में मुन्ना भैया के अंतिम संस्कार वाला सीन तो याद ही होगा, जिसने सीजन तीन को एक अलग ही खामोशी की गहराई में छिपा दिया था। इस सीन में जान डालने के लिए मेकर्स ने इसे किसी नकली सेट पर नहीं, बल्कि एक असली और चालू श्मशान घाट पर शूट किया था। वेब सीरीज़ के मेकर्स को इस बारे में सख्त हिदायतें दी गई थीं, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह इमोशनल सीन शूट किया। मिर्जापुर 3 के मेकर्स ने बताया कि असली श्मशान घाट में शूटिंग करना किसी चुनौती से कम नहीं था। शूटिंग को लेकर वहां के प्रबंधक ने के कड़े नियमों और मर्यादा का पालन करने के लिए मेकर्स को हिदायत दे रखी थी। साथ ही शूटिंग के लिए क्रू को बेहद कम समय की शूटिंग विंडो दी गई थी।

## टीवी मसाला



# ऑपरेशन सफेद सागर में सब पर भारी पड़े बरुन, दीया दमदार

**नई दिल्ली।** आने वाली स्ट्रीमिंग सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह मिलिट्री ड्रामा कारगिल युद्ध के दौरान इंडियन एयर फोर्स के सबसे मुश्किल ऑपरेशन्स में से एक पर आधारित है। ओनी सेन के निर्देशन और अभिजीत सिंह परमार व कुशल श्रीवास्तव द्वारा बनाई गई यह सीरीज इस ऑपरेशन से जुड़े लोगों पर बेस्ड है। इसमें सिद्धार्थ, जिमी शेरगिल, अभय वर्मा, दीया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना, अर्णव भसीन और अमृता बागची जैसे कलाकार हैं। जिमी शेरगिल विंग कमांडर बी.एस. धनोआ (जिन्हें टोनी के नाम से भी जाना जाता है) का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सिद्धार्थ स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा की भूमिका में हैं। ट्रेलर में उन्हें तेजी से बढ़ते संघर्ष के बीच दिखाया गया है, क्योंकि स्क्वाड्रन को कारगिल की पहाड़ियों में भारतीय सेना के ऑपरेशन में मदद करने का काम सौंपा गया है। युवा अधिकारियों में फ्लाइंग ऑफिसर आर.एस. धालीवाल के तौर पर अभय वर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर सी.एच. बाल रेड्डी के तौर पर मिहिर आहूजा, फ्लाइट लेफ्टिनेंट जितेंद्र सांगवान के तौर पर तारुक रैना और फ्लाइंग ऑफिसर अमित गुप्ता के तौर पर अर्णव भसीन शामिल हैं। इस सीरीज में ऑपरेशन को सिर्फ एयरक्राफ्ट और लड़ाई-झगड़े के तमाशे के तौर पर नहीं दिखाया गया है, बल्कि यह स्क्वाड्रन के अंदर लिए गए मुश्किल फैसलों पर भी ध्यान देती है। इसमें दिखाया गया है कि पायलट कैसे डर, जिम्मेदारी और इस संभावना का सामना करते हैं कि हर उड़ान उनकी आखिरी उड़ान हो सकती है।

## दूरदर्शन का सबसे लंबा चलने वाला शो

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन में रामायण, महाभारत और चित्रहार जैसे कई लोकप्रिय कार्यक्रमों ने दर्शकों का दिल जीता, लेकिन एक शो ऐसा भी है जो इन सबसे पहले शुरू हुआ और आज भी लगातार प्रसारित हो रहा है। इस कार्यक्रम का नाम 'कृषि दर्शन' है. यह भारतीय टेलीविजन के सबसे लंबे समय तक चलने वाले कार्यक्रमों में शामिल है और इसके 16,000 से ज्यादा एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं। यही वजह है कि इसका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया जा चुका है। कृषि दर्शन की शुरुआत 26 जनवरी 1967 को दूरदर्शन पर हुई थी। शुरुआत में यह कार्यक्रम दिल्ली और उसके आसपास के करीब 80 गांवों के किसानों को खेती से जुड़ी नई तकनीक, फसल प्रबंधन और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से बनाया गया था। समय के साथ इसकी लोकप्रियता बढ़ती गई और यह देश के सबसे लंबे समय तक प्रसारित होने वाले टीवी कार्यक्रमों में शामिल हो गया।



# थलपति विजय की फिल्म का हिंदी में होगा ऐसा हाल

## जन नायकन बनेगी तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली मूवी

**नई दिल्ली।** थलपति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म 23 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही है। कोईमोई के मुताबिक, फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन हिंदी में 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' से भी कम होने वाला है। लियो के केस में लोकेश सिनमैटिक यूनिवर्स की वजह से काफी हाइप था। इसी वजह से फिल्म ने हिंदी में 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। वहीं, 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को भी ओपनिंग डे पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला। वहीं 'जन नायकन' की बात करें तो फिल्म क हिंदी वर्जन क ओपनिंग डे पर 1.4 से 1.8 करोड़ तक कमाने की खबरें हैं। अगर ऐसा हुआ तो फिल्म थलपति विजय की हिंदी में तीसरी बिगेस्ट ओपनिंग वाली फिल्म बन जाएगी। इस लिस्ट में 'लियो' सबसे आगे है। 'लियो' ने 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। दूसरे नंबर पर 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' है। इस फिल्म ने 2.1 करोड़ कमाए थे। तीसरे नंबर पर 'वरिसु' है। इस फिल्म ने 70 लाख कमाए थे। चौथे नंबर पर 'बीस्ट' है. फिल्म ने 60 लाख की ओपनिंग की थी। पांचवें नंबर पर 'मास्टर' है. फिल्म ने 50 लाख कमाए थे।




# विलेन की अदाकारी करते वक्त मुझसे मत उलझना

**नई दिल्ली।** पर्दे पर गंभीर और चैलेंजिंग किरदारों के लिए पहचान बनाने वाले केके मेनन अभिनय को अलग नजरिए से देखते हैं। उनका मानना है कि किसी भी किरदार को निभाने से पहले उसे अपने भीतर तलाशना जरूरी है। 'आदर्श बाल विद्यालय' के प्रमोशन के दौरान एक बातचीत में उन्होंने अभिनय, किरदार और अपने काम को लेकर खुलकर बात की। सीरीज में अपने किरदार ज्ञानेश्वर पर बात करते हुए केके मेनन कहते हैं, 'अगर मैं अपने भीतर से ज्ञानेश्वर को नहीं निकालूंगा तो मैं फेक एक्टिंग कर रहा होऊंगा। मैं जो भी करता हूं, उसमें बुरे किरदार भी मेरे भीतर से ही आते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह सिर्फ एक्टिंग रह जाएगी। इसलिए, मैं हमेशा कहता हूं कि जब मैं कोई बहुत बुरा किरदार निभा रहा होता हूं तो 'एक्शन' और 'कट' के बीच मुझसे मत उलझना। क्योंकि, उस वक्त मैं केके मेनन नहीं होता। मैं अपने भीतर की उसी बुराई को जी रहा होता हूं। मैं हर किरदार को इसी तरह अप्रोच करता हूं।' किरदार की तैयारी के सवाल पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं टेक्स्ट पर बहुत भरोसा करता हूं। डायरेक्टर और राइटर मेरे लिए बहुत मदद करते हैं। मैं स्क्रिप्ट को न जाने कितनी बार पढ़ता हूं। मेरे लिए यही सबसे पक्का तरीका है, क्योंकि जितनी बार आप स्क्रिप्ट पढ़ते हैं, हर बार वह आपको कुछ यूनिक देती है। इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है।'



***मैं सब कुछ नहीं जानता :*** रोल चुनने को लेकर केके मेनन का कहना है, 'मैंने रोल इसलिए नहीं छोड़ा कि वह सुरक्षित था। मैंने सिर्फ इसलिए छोड़ा क्योंकि उसने मेरी दिलचस्पी नहीं जगाई। रोल चुनने का कोई फॉर्मूला नहीं है। जो मुझे पसंद नहीं आता, वही किसी दूसरे अभिनेता को पसंद आ सकता है। इसलिए मैं यह भी नहीं सोचता कि मैं सब जानता हूं। मुझसे भी गलती हो सकती है।'

### टेंशन जरूरी है

करीब तीन दशक के लंबे करियर के बाद भी केके मेनन की तैयारी में कोई ढील नहीं आई है। क्या इतने वर्षों बाद भी पहले दिन शूटिंग पर घबराहट होती है? इस पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं इसे नर्वसनेस नहीं, एसेंशियल टेंशन कहता हूं। थोड़ा-सा टेंशन होना जरूरी है, नहीं तो काम नहीं करता। जैसे 100 मीटर का धावक स्टार्ट लाइन पर खड़ा होता है या क्रिकेटर पहली गेंद खेलने जाता है। हर किसी के भीतर वह थोड़ा-सा टेंशन होना चाहिए, जो आपको अपने पैरों पर खड़ा रखे। बस वह स्ट्रेस नहीं बनना चाहिए।'

## वो सनकी संगीतकार, जिनके जनाजे में शामिल हुए फिल्मी दुनिया के सिर्फ दो लोग

# लता का किया अपमान, किशोर दा को बताया शोर कुमार

**नई दिल्ली।** म्यूजिक की दुनिया में कई ऐसी दिग्गज हस्तियां आई हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक कालजयी गाने बनाए, लेकिन उनकी अपनी पहचान गुमनाम ही रह गई। 5 दशक से अधिक समय तक संगीत जगत में एक अलग पहचान बनाने वाले नामों में एक नाम उस संगीतकार का भी है, जिन्होंने हिंदी सिनेमा के संगीत को एक नया आयाम दिया। उन्हें न सिर्फ भारतीय सिनेमा में उनके अलग संगीत और 22 हजार से अधिक गानों में मैंडोलिन बजाने के लिए जाना जाता है, बल्कि अपने सनकी और मूडी स्वभाव के कारण भी वे अक्सर सुर्खियों में रहे। कौन थे वे संगीतकार, जिनकी अंतिम विदाई में सिर्फ दो बॉलीवुड हस्तियां पहुंची थीं और जिन्होंने लता मंगेशकर जैसी दिग्गज गायिका की भी क्लास लगा दी थी?



### क्यों कहा जाता था उन्हें बेबाक और सनकी?

हम बात कर रहे हैं मशहूर संगीतकार सज्जाद हुसैन की। 5 दशक से ज्यादा समय तक संगीत की दुनिया में सक्रिय रहे सज्जाद हिंदी सिनेमा की सबसे विवादित हस्तियों में से एक रहे। उनका गुस्सैल स्वभाव, बेबाक बोल और समझौता न करने की आदत अक्सर उन्हें विवादों में डाल देती थी।

### गीतकार डीएन मधोक से हो गया था झगड़ा

साल 1944 में आई फिल्म 'दोस्त' के शानदार संगीत की सफलता का श्रेय जब निर्देशक शौकत हुसैन रिजवी ने अपनी पत्नी नूरजहां को दिया, तो स्वाभिमानी सज्जाद ने कसम खा ली कि वे अब कभी उनकी पत्नी के लिए गाना कंपोज नहीं करेंगे। वहीं, फिल्म 'सैंया' की रिकॉर्डिंग के दौरान उनका गीतकार डी.एन. मधोक से झगड़ा हो गया था। यही नहीं, एक बार लता मंगेशकर को लेकर की गई उनकी टिप्पणी के कारण दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई थी।

### 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए

सज्जाद हुसैन के इस बेबाक और कड़वे स्वभाव के कारण धीरे-धीरे लोग उनसे दूर होने लगे। अपने 34 साल के कॅरियर में उन्होंने अपने अड़ियल रवैये की वजह से 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए। लता मंगेशकर ने एक पुराने इंटरव्यू में माना था कि सज्जाद हुसैन के साथ काम करने में घबराहट होती थी, क्योंकि वे बारीकियों पर बहुत ध्यान देते थे और उन्हें जरा भी लाउड गाना पसंद नहीं था।

### दिलीप कुमार से हो गई थी अनबन

सज्जाद हुसैन ने सिर्फ नूरजहां या लता मंगेशकर से ही पंगा नहीं लिया, बल्कि 'संगदिल' की शूटिंग के दौरान दिलीप कुमार से भी उनकी अनबन हो गई। वे अपनी तीखी बयानबाजी के लिए मशहूर थे, उन्होंने तलत महमूद को 'गलत महमूद' और किशोर कुमार को 'शोर कुमार' तक कह दिया था। कहा जाता है कि निर्माता-निर्देशक के. आसिफ से हुए मनमुटाव के कारण ही उनके हाथ से 'मुगल-ए-आजम' जैसी ऐतिहासिक फिल्म का संगीत निकल गया था।

### उधास-खय्याम पहुंचे थे अंतिम विदाई देने

महान संगीतकार सज्जाद हुसैन का निधन 21 जुलाई 1995 को माहिम स्थित उनके घर पर हुआ। जब उनकी अंतिम यात्रा निकली, तो उनके पांच बेटों और एक बेटी के अलावा पूरी फिल्म इंडस्ट्री से सिर्फ दो लोग मशहूर गायक पंकज उधास और संगीतकार खय्याम ही उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे।

# खुड़ाना में सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल, सीएम विंडो शिकायत के बाद जांच शुरू

**निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, बीडीपीओ ने सरपंच व ग्राम सचिव से मांगी रिपोर्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

खंड के गांव खुड़ाना में निर्माणाधीन गलियों की गुणवत्ता को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। गांव निवासी पवन कुमार ने मुख्यमंत्री विंडो पर शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया है कि करीब दो लाख रुपये की लागत से बनाई जा रही गलियों में निर्धारित मानकों के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा। शिकायत के बाद प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि सड़क निर्माण में निम्न गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे कार्य की मजबूती और गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य हरियाणा लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा, जिससे भविष्य में सड़क के जल्दी क्षतिग्रस्त होने की आशंका है और ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। पवन कुमार ने मुख्यमंत्री विंडो के अलावा एसडीएम महेंद्रगढ़ तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को भी शिकायत भेजकर पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराने और आवश्यक होने पर विजिलेंस जांच करवाने की मांग की है। उन्होंने दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और संबंधित एजेंसी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग भी की है।


महेंद्रगढ़। निर्माणाधीन गली।

## सरपंच एवं ग्राम सचिव को नोटिस जारी

शिकायत पर संज्ञान लेते हुए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) महेंद्रगढ़ ने ग्राम पंचायत खुड़ाना के सरपंच और ग्राम सचिव को नोटिस जारी किया है। नोटिस में शिकायत के प्रत्येक बिंदु की नियमानुसार जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शिकायतकर्ता को भी संबंधित साक्ष्यों के साथ खंड कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया था।

## जांच के आधार पर होगी स्थिति स्पष्ट

प्रशासनिक स्तर पर शुरू हुई जांच के बाद अब निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी आरोपों की तकनीकी जांच की जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही यह स्पष्ट होगा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार हुआ है या नहीं। यदि जांच में शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, प्रशासन का कहना है कि निष्पक्ष जांच के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा।



## किसानों को था बेसब्री से इंतजार, फसलें लगी थी सूखने

# रूठा मानसून अब मेहरबान आखिर बरसी राहत की बारिश


कनीना। रेवाड़ी रोड पर बारिश के बाद जलभराव के कारण तालाब जैसी बनी सड़क। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार जिले में मानसून मेहरबान हुआ और मंगलवार को हुई झमाझम बारिश ने भीषण गर्मी और उमस से लोगों को बड़ी राहत दी। पिछले कई दिनों से लोग बारिश का इंतजार कर रहे थे। बारिश होने से जहां मौसम सुहावना हो गया, वहीं किसानों के चेहरों पर भी खुशी लौट आई, क्योंकि फसलों के लिए यह बारिश बेहद लाभदायक मानी जा रही है। मंगलवार को नारनौल में 45.0 एमएम, महेंद्रगढ़ 38.0, कनीना 28.0, अटेली 35.0, नांगल चौधरी 38.0 व सतनाली में 34.0 एमएम बारिश दर्ज की गई।

हालांकि लगातार हुई बारिश का दूसरा पहलू भी सामने आया। शहर के कई निचले इलाकों और मुख्य मार्गों पर पानी भरने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर जल निकासी की रफ्तार धीमी रहने के कारण सड़कें तालाब जैसी दिखाई दी। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को विशेष दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जबकि बाजार क्षेत्रों में भी पानी भरने से व्यापारिक गतिविधियां कुछ समय के लिए प्रभावित रही। बारिश के दौरान शहर के सैन चौक, मसानी माता का जोहड़, रेवाड़ी रोड, बस स्टैंड, पार्क गली, मोड़ावाला मंदिर के पीछे तथा छलक नाला जैसे क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति देखने को मिली। इन इलाकों में पानी जमा होने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हुई। स्थानीय लोगों ने समय पर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई।

### महीने के अंत तक लगातार बारिश की संभावना

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि हरियाणा एनसीआर दिल्ली में 22-30 जुलाई के दौरान कभी उत्तरी व पूर्वी जिलों में कभी मध्यवर्ती तथा दक्षिणी जिलों में, तो कभी पश्चिमी जिलों में लगातार मानसून गतिविधियां देखने को मिलेगी। कुल मिलाकर जुलाई महीने के अंतिम दिनों तक हरियाणा एनसीआर दिल्ली में लगातार मानसून टर्फ सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में लगातार बारिश की गतिविधियों की सम्भावना बन रही है।

### जलभराव से यातायात प्रभावित, लोगों में रोष

कनीना। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने जहां भीषण गर्मी और उमस से राहत दिलाई है, वहीं कनीना में जलभराव की गंभीर समस्या भी खड़ी कर दी है। पिछले 24 घंटे में करीब 50 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक प्रभावित रेवाड़ी रोड रहा, जहां घुटनों तक पानी भर जाने से स्टेट हाईवे तालाब जैसा नजर आया। जल निकासी व्यवस्था ठप होने के कारण दोपहिया और छोटे वाहन बीच रास्ते में बंद हो गए तथा राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने कहा कि पालिका की ओर से मानसून से पहले जोहड़ों और नालों की सफाई कराई जा चुकी है, जोहड़ पर ऑटोमेटिक मोटर भी लगाई गई है। सीवरेज सिस्टम की सफाई नहीं होने के कारण जलभराव की समस्या बढ़ी है।

### सड़कों पर जलभराव से खुली नगर पालिका के दावों की पोल



मंडी अटेली। क्षेत्र में सुबह से हुई भारी बरसात ने आम जनजीवन को पूरी तरह से थाम कर रख दिया है। लगातार हो रही बारिश के कारण शहर के मुख्य मार्गों व चौराहों पर एक से दो फीट तक पानी भर गया। जिससे राहगीरों व वाहन चालकों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते मॉडल संस्कृति स्कूल, पुरानी मंडी गेट, राधा कृष्ण मंदिर रोड, रेलवे अंडरपास और नए बस स्टैंड के पास जलभराव की गंभीर स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि मानसून से निपटने के नगर पालिका के सभी दावे कागजी साबित हुए हैं।

### नप चेयरपर्सन ने दिए जल निकासी के निर्देश

नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने लगातार बारिश के बीच शहर के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने सैन चौक, मसानी माता का जोहड़, रेवाड़ी रोड, बस स्टैंड, पार्क गली, मोड़ावाला मंदिर के पीछे तथा छलक नाले का दौरा कर जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर मौजूद सफाई सुपरवाइजरों और अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी जल निकासी पॉइंट्स की तत्काल सफाई कर पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और जलभराव की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

## न्यूज डायरी



### डीसी ने किया जल महल का निरीक्षण जल्द पानी भरवाने के दिए निर्देश

**नारनौल।** उपायुक्त अनुपमा अंजली ने ऐतिहासिक जल महल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को जल महल के सौंदर्यकरण और रखरखाव के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने सिंचाई विभाग के एसई अमित कुमार रघुवंशी को प्राथमिकता के आधार पर जल महल में जल्द से जल्द पानी भरवाने के निर्देश दिए, ताकि इसके प्राकृतिक और ऐतिहासिक स्वरूप को बहाल किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने पूरे परिसर में नियमित और उचित साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिले में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। हरियाणा सरकार का उद्देश्य है कि जल महल जैसे प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों को बेहतर बनाकर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए, जिससे स्थानीय स्तर पर जिले की पहचान और मजबूत हो सके। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया, एसडीएम अनिरुद्ध यादव के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।




### आईजीयू के विद्यार्थी पर्यावरण जागरूकता एवं यूथ डायलॉग कार्यक्रम के लिए पिंजौर रवाना

**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय का 10 सदस्यीय युवा प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को 20 से 23 जुलाई तक पिंजौर में आयोजित होने वाले पर्यावरण जागरूकता एवं यूथ डायलॉग कार्यक्रम में भाग लेने के रवाना हुआ। चार दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं पर्यावरण संरक्षण, युवा नेतृत्व एवं जनभागीदारी से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे तथा हरियाणा के शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री के साथ सीधे संवाद का अवसर प्राप्त करेंगे। अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर करण सिंह ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री कार्यालय के युवा समन्वयक अधिकारी नरेंद्र कुमार की पहल पर प्रदेश के प्रत्येक विश्वविद्यालय में 10 सदस्यीय युवा कल्याण समिति का गठन किया गया है। यह समिति युवा कल्याण से जुड़े विषयों पर सीएम ग्रीवेंस सेल, हरियाणा सरकार के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों, बैठकों एवं जनहित गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि समिति में राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेडक्रॉस तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया गया है। कुलपति प्रो. असीम मिगलानी के मार्गदर्शन में आईजीयू से 6 छात्राओं एवं 4 छात्रों की युवा समिति का गठन किया गया है, जो इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रो. करण सिंह ने बताया कि हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगे एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी युवाओं से सीधे संवाद कर उनके सुझाव प्राप्त करेंगे।

### क्षेत्र के गांव से महिला दो बच्चों सहित लापता

कोसली। क्षेत्र के गांव से एक विवाहित अपने दो बच्चों सहित घर से लापता हो गई। महिला के पति ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि सोमवार शाम करीब 5 बजे उनकी पत्नी घर से बिना किसी को कुछ बताए लापता हो गई है। उन्होंने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। उनकी पत्नी अपने साथ उनका लड़का व एक लड़की को भी ले गई है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है।

### बव्वा गांव के तीन लोगों पर मारपीट का केस दर्ज

**कोसली।** बव्वा गांव के एक व्यक्ति ने गांव के ही तीन लोगों पर गाली गलोज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए नाहड़ पुलिस चौकी में शिकायत दी है। प्रवीन कुमार ने पुलिस को बताया कि 15 जुलाई शाम को वह बव्वा बहाला रोड़ पर घुमने के लिए गया था। उसने आरोप लगाया कि पीछे से एक मोटरसाइकिल पर आए तीन लोग देशबंदू उर्फ दिनेश, संदीप व नीरज ने उसके साथ गाली-गलोज शुरू कर दी तथा लोहे की पाइप से मारना शुरू कर दिया। शोर सुनकर पास की डेयरी से आए कुछ लोगों ने उसे बचाया। इसके बाद तीनों उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन उसे प्राथमिक उपचार के लिए रेवाड़ी अस्पताल ले गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# अंत्योदय मेले में एक ही स्थान पर मिलेगा योजनाओं व सेवाओं का लाभः एडीसी

- बावल विधानसभा क्षेत्र के पात्र परिवारों के लिए 26 जुलाई को लगेगा अंत्योदय मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना 2.0 के अंतर्गत आगामी 26 जुलाई को बावल नगर पालिका परिसर में अंत्योदय मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में विभिन्न विभागों की ओर से पात्र लाभार्थियों को एक ही स्थान पर सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। मंगलवार को एडीसी राहुल मोदी की अध्यक्षता में बावल विधानसभा क्षेत्र में ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम सचिवों व पटवारियों को प्री-मेला काउंसलिंग के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना 2.0 के तहत पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

### इन विभागों की योजनाओं का दिया जाएगा लाभ



एडीसी ने बताया कि अंत्योदय मेले के माध्यम से ग्रामीण विकास, आर्थिक रूप से पिछड़ा एवं कमजोर वर्ग कल्याण निगम, हरियाणा कौशल विकास निगम, हरियाणा महिला विकास निगम, कृषि, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य पालन, बागवानी, शहरी स्थानीय निकाय, एमएसएमई, रेडक्रॉस, एग्रो इंडस्ट्री, रोजगार, पंचायत विभाग सहित अन्य सरकारी विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाएंगे। इन स्टॉलों पर पात्र नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे तथा पात्रता के अनुसार योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

# देवशयनी एकादशी 25 को, चार माह के लिए योगनिद्रा में लीन होंगे भगवान विष्णु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सनातन परंपरा में विशेष स्थान रखने वाली देवशयनी एकादशी 25 जुलाई को मनाई जाएगी। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की इस एकादशी तिथि से ही चातुर्मास का औपचारिक शुभारंभ होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन से सृष्टि के पालनहार भगवान श्री हरि विष्णु क्षीरसागर में चार महीनों के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं।

ज्योतिषाचार्य दलीप शास्त्री का कहना है कि पंचांग गणना के अनुसार 24 जुलाई को प्रातः 9 बजकर 12 मिनट पर एकादशी आरंभ होगी और अगले दिन शनिवार को प्रातः 11 बजकर 34 मिनट पर एकादशी का समापन होगा। उदया तिथि के अनुसार 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी मनाई जाएगी।

### मांगलिक कार्यों पर लग जाएगा विराम

ज्योतिषाचार्य का कहना है कि भगवान विष्णु के योगनिद्रा में जाने के कारण अगले चार महीनों तक विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, और नए कार्यों की शुरूआत जैसे सभी प्रकार के मांगलिक व शुभ कार्यों पर पूर्ण विराम लग जाता है। यह अवधि मांगलिक कार्यों के लिए भले ही वर्जित हो, लेकिन जप, तप, ध्यान, साधना, संयम और आत्म-शुद्धि के दृष्टिकोण से इसे वर्ष का सबसे फलदायी समय माना जाता है। एकादशी के दिन स्नान के बाद भगवान विष्णु का पीले वस्त्रों, पीले फूलों, तुलसी दल और पीले चंदन से श्रृंगार किया जाता है।

### शिवजी संभालेंगे सृष्टि का भार

शास्त्री का कहना है कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार चातुर्मास के दौरान जब श्रीहरि विश्राम करते हैं, तब सृष्टि के संचालन और रक्षा की जिम्मेदारी भगवान शिव संभालते हैं। श्रीहरि के भोग में तुलसी का पत्ता अवश्य रखा जाता है, क्योंकि इसके बिना वे भोग स्वीकार नहीं करते। इस दिन से चार माह तक सात्विक भोजन, भूमि पर शयन और संयमित जीवनशैली का पालन करना अत्यंत शुभ माना गया है।

## अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में आरोपी काबू

रेवाड़ी। सीआईए धारूहेड़ा टीम ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव पाडला निवासी प्रमोद उर्फ विक्की के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 23 मई को पुलिस को सूचना मिली थी कि सचिन उर्फ चीनू निवासी गांव जाटूवास के पास अवैध हथियार है तथा नारनौल बाईपास फ्लाईओवर के नीचे नजदीक गांव जाटूवास के पास खड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर 1 अवैध पिस्टल, 2 मैगजीन व 2 जिंदा रौंद बरामद हुए। पुछताछ में आरोपी ने बताया की उपरोक्त अवैध देशी हथियार उसे गांव भांडोर निवासी संदीप ने उपलब्ध कराया था। पुलिस ने शस्त्र अधिनियम तहत मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त दोनों आरोपियों का पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। सीआईए धारूहेड़ा ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी गांव पाड़ला निवासी प्रमोद उर्फ विक्की को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है।



**अभ्यर्थी 27 जुलाई रात 11:59 बजे तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं**

# बीसीए व बीकॉम ऑनर्स विद रिसर्च कोर्सों में आवेदन शुरू, मेरिट के आधार पर होंगे दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नए स्नातक पाठ्यक्रमों बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए), बीकॉम (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) तथा बीकॉम लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 27 जुलाई रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत 28 जुलाई को श्रेणीवार मेरिट सूची प्रदर्शित की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन एवं शुल्क जमा करने की प्रक्रिया 29 से 30 जुलाई तक सम्पन्न होगी। इसके पश्चात 30 जुलाई को शाम 5 बजे के बाद रिक्त सीटों की सूची जारी की जाएगी तथा 3 अगस्त को ओपन फिजिकल काउंसलिंग आयोजित की जाएगी।



### योग्यता अनुसार होंगे दाखिले

विवि प्रशासन के अनुसार बीसीए पाठ्यक्रम में 40 सीटें, बीकॉम (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) में 30 सीटें तथा बीकॉम (लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट) में 20 सीटें उपलब्ध हैं। बीसीए में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का 12वीं परीक्षा में गणित, सांख्यिकी अथवा अकाउंटेंसी विषय के साथ किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक व हरियाणा के आरक्षित वर्गों के लिए 42.75 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। बीकॉम (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) तथा बीकॉम (लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट) में प्रवेश के लिए 12वीं परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक व एससी, एसटी, ब्लाइंड एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 47.5 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं। इन पाठ्यक्रमों की वार्षिक फीस बीसीए 30840, बी.कॉम. (ऑनर्स) 18000 तथा बीकॉम (लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट) की 18500 निर्धारित की गई है। दाखिले शैक्षणिक योग्यता के आधार पर किए जाएंगे। आईजीयू के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी ने बताया कि मेरिट सूची निर्धारित नियमों के अनुसार तैयार की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि के अंदर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। प्रवेश संबंधी पात्रता, शुल्क, आरक्षण नीति तथा अन्य दिशा-निर्देश विवि की आधिकारिक वेबसाइट आईजीयू.एसी.इन पर उपलब्ध हैं। किसी भी प्रकार के संशोधन की सूचना भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जाएगी।

## ज्ञानदीप स्कूल की छात्राओं का ब्लॉक स्तरीय कुश्ती में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित ब्लॉक बावल की कुश्ती प्रतियोगिता में ज्ञानदीप स्कूल मोहनपुर की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। छात्रा वीरा निवासी बधराना ने अंडर-14 बालिका वर्ग 53 किलोग्राम भार वर्ग कुश्ती में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिया यादव निवासी मोहनपुर ने अंडर-14 बालिका वर्ग 36 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता यादव व पीटीआई प्रदीप सहित स्टाफ सदस्यों ने दोनों छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधानाचार्या ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ स्कूल खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रोत्साहित करता है।



रेवाड़ी। विजेता छात्राएं शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### फरार चल रहा पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कोर्ट से घोषित पीओ को गिरफ्तार किया है। अदालत में चल रहे एक मामले में घीसा की ढाणी निवासी योगेंद्र कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। उसे पीओ घोषित करने के बाद केस दर्ज करने के आदेश दिए गए थे। इसके बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### मारपीट मामलों के दो आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना खोल पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने नांधा निवासी शिवम को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट से जमानत मिलने के बाद उसे रिहा कर दिया गया। सदर थाना पुलिस ने 18 जुलाई को दर्ज किए गए मामले में लिसाना निवासी धर्मेंद्र को गिरफ्तार किया है।

### हत्या के प्रयास का आरोपी जांच में शामिल

धारूहेड़ा। पुलिस ने खलियावास मोहल्ला में जनवरी माह में हुए झगड़े के बाद दर्ज हत्या के प्रयास मामले में एक आरोपी को जांच में शामिल किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर पहले मारपीट का केस दर्ज किया था। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर बाद में हत्या के प्रयास में मामला तब्दील किया गया था।

### तीन गांवों का लोड डालना चाह रहा डीएचबीवीएन, जैनाबाद के ग्रामीण नाराज

# पावर हाउस बनकर तैयार, लोड डिवाइड करने को लेकर विवाद

**डीएचबीवीएन की ओर लगभग 5 करोड़ से करायास सब स्टेशन का निर्माण, 12.5 एमवीए का ट्रांस्फार्मर लगाया**

नरेंद्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

अलग खबर

लंबी लाइन और ओवरलोडिंग की समस्या से निजात पाने के लिए दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से निमोठ गांव में 33 केवी क्षमता का पावर सब स्टेशन तो बना दिया, लेकिन लोड डिवाइडेशन को लेकर विवाद के चलते अभी तक इससे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की जा सकी है। जैनाबाद के ग्रामीण इस नए सब स्टेशन की बजाय गांव की बिजली आपूर्ति डहीना से ही जारी रखना चाहते हैं, जिस कारण लोड डिवाइड करने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। डहीना के 132 केवी सब स्टेशन से इस समय डहीना, कंवाली, गोठड़ा, जैनाबाद, ढाणी ठेठरबाढ़ व निमोठ गांव जुड़े हुए हैं। जैनाबाद, ढाणी ठेठरबाढ़ व निमोठ को बिजली आपूर्ति करने वाला फीडर रेलवे लाइन को क्रॉस करता है। निमोठ तक बिजली की लाइन लंबी होने के कारण अक्सर फॉल्ट की समस्या बनी रहती है, जिस कारण गांव में पावर सब स्टेशन की मांग काफी समय से की जा रही थी। डीएचबीवीएन की ओर लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से सब स्टेशन का निर्माण कराया है। इस सब स्टेशन में 12.5 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। इस सब स्टेशन को सीधे बुड़ौली पावर हाउस से 33 केवी लाइन से जोकड़कर चालू कर दिया गया है। टेस्टिंग की जा चुकी है, परंतु अभी तक इस पर लोड नहीं डाला गया है। लोड नहीं डाले जाने के कारण गांव को इसका अभी कोई फायदा नहीं मिल रहा है। लाइनों में फॉल्ट के कारण ग्रामीणों को बिजली संकट का सामना करना पड़ता है।


रेवाड़ी। निमोठ में नवनिर्मित 33 केवी पावर सब स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

#### क्रॉसिंग खत्म करना चाह रहा निगम

बिजली निगम रेलवे लाइन के ऊपर से गुजर रही ओवरहेड लाइन को हटाने के लिए जैनाबाद, ढाणी ठेठरबाढ़ और निमोठ के फीडर को नए सब स्टेशन से जोड़ना चाहता है। ऐसा करने से रेलवे लाइन के दोनों पार के गांव अलग-अलग सब स्टेशनों से जुड़ जाएंगे। डहीना सब स्टेशन पर डहीना, कंवाली, गोठड़ा गांव रहेंगे, जबकि निमोठ सब स्टेशन से निमोठ, ढाणी ठेठरबाढ़ व जैनाबाद गांव जुड़ जाएंगे।



#### जैनाबाद के ग्रामीण जता रहे आपत्ति

निमोठ सब स्टेशन से गांव की आपूर्ति जोड़ने की योजना पर जैनाबाद गांव के लोगों ने आपत्ति दर्ज कराना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का तर्क है कि डहीना सब स्टेशन के लिए जैनाबाद गांव ने जमीन दी थी, इसलिए वह इस पावर सब स्टेशन से अलग नहीं होना चाहते। इसके लिए ग्रामीणों ने विधायक अनिल यादव को भी ज्ञापन दिया है। जैनाबाद के ग्रामीण अपनी आपूर्ति डहीना से ही जारी रखने की जिद कर रहे हैं।

#### घंटों बाधित रहती है बिजली


सब स्टेशन चालू होने के बावजूद निगम की ओर से गांव की बिजली आपूर्ति इससे नहीं जोड़े जाने के कारण निमोठ गांव को इसका फायदा मिलना शुरू नहीं हुआ है। बारिश आते ही गांव की डहीना से आने वाली लाइन बार-बार फाल्ट हो जाती है, जिससे ग्रामीणों को घंटों बिजली का इंतजार करना पड़ता है। सोमवार की रात भी लाइन फाल्ट होने के कारण लगभग 5 घंटे तक बिजली बंद रही, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

#### जल्द डिवाइड किया जाएगा लोड

कंस्ट्रक्श विंग की ओर से निमोठ पावर सब स्टेशन तैयार करने के बाद चालू कर दिया गया है। लोड डिवाइड करने को लेकर प्लानिंग तैयार की जा रही है। जल्द ही इस निमोठ गांव का फीडर नए सब स्टेशन से जोड़ दिया जाएगा।

-प्रदीप चौहान, चीफ इंजीनियर, डीएचबीवीएन।

## न्यूज डायरी



### नीट यूजी परीक्षा में पीयूष सूद ने हासिल की 7835वीं रैंक, प्राचार्य ने किया सम्मानित

रेवाड़ी। शहर के नई आबादी मोहल्ला निवासी पीयूष सूद ने नीट यूजी परीक्षा में पहले प्रयास में सफलता हासिल कर अपने परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पीयूष सूद ने परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 7835 हासिल की है तथा जरनल कैटेगरी में रैंक 3558 प्राप्त की। पीयूष ने 720 में से 680 अंक प्राप्त किए। छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय पिता पिता पवन कुमार सीए व मां एडवोकेट रेखा देवी का दिया है। पियूष ने नीट परीक्षा के लिए सीकर राजस्थान से कोचिंग ली। पिता पवन कुमार ने बताया कि पियूष की दादी शीला देवी व दादा राम कुमार का सपना था कि उनका पोता डॉक्टर बने। मंगलवार को राज इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य कुलदीप कुमार, राहुल शर्मा, राजकुमार, मेजर प्रताप सिंह, पंच बबली, मनु सूद व दीपक ने पियूष को सम्मानित किया।

### लोक-नाटक 'अनार नट' का बालभवन में संगीत का 25 जुलाई को होगा लोकार्पण

रेवाड़ी। बॉलीवुड के जाने-माने फिल्म लेखक एवं कथाकार बाबू गौतम की ओर से लिखित एवं निर्देशित हरियाणवी लोक नाटक 'अनार नट' के संगीत का लोकार्पण 25 जुलाई शाम 6:30 बजे बालभवन में किया जाएगा। जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाली संगीत संध्या की अध्यक्षता बंजारा के निदेशक व अभिनेता विजय भाटोटिया करेंगे। लोक नाटक के सह-निर्देशक ऋषि सिंहल ने बताया कि अनार-नट नाट्य-कथानक अहीरवाल की एक सच्ची घटना से प्रेरित है। हरियाणवी नाटक के गीत वरिष्ठ हरियाणवी साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया ने लिखे हैं, जिन्हें प्रसिद्ध संगीतकार मुकेश वर्मा ने संगीतबद्ध किया है। नाटक के गीतों को मुकेश वर्मा, मुकेश काले तथा ध्रुव खेड़ा ने स्वर दिया है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ रंगकर्मी गोपाल शर्मा, खूबराम, विनोद शर्मा, मयंक सैनी, सत्यप्रकाश सैनी, योगेश कौशिक, रविंद्र,देवेंद्र ,राहुल सनी व मनोज नाटक के विभिन्न गीतों की रिहर्सल में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल इस अनार नट संगीत संध्या में नाटक का म्यूजिक लॉन्च किया जाएगा तथा नाटक का मंचन अगले माह सोलहराही सरोवर पर किया जाएगा।

### श्रृद्धालुओं ने विधि विधान से मनाया मां दुर्गा को समर्पित मासिक दुर्गाष्टमी का पर्व

रेवाड़ी। मां दुर्गा को समर्पित मासिक दुर्गाष्टमी का पर्व श्रद्धालुओं की ओर से विधिविधान से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने दैनिक कार्यों से निवृत होकर मां दुर्गा की उपासना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह दिन मां भवानी को प्रसन्न करने और उनकी विशेष कृपा पाने के लिए अत्यंत शुभ है। मासिक दुर्गाष्टमी के दिन मां दुर्गा की उपासना करने से परिवार में खुशहाली और शांति बनी रहती है। माता रानी अपने भक्तों के जीवन में चल रही सभी समस्याओं का अंत करती हैं और उन्हें सुरक्षा कवच प्रदान करती हैं। अगर इस दिन विधि-विधान से पूजा करते हैं, तो इससे करियर में उन्नति मिल सकती है और मनोवांछित फल भी मिलता है। इस दिन पर विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने पर पारिवारिक जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। साथ ही साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। जीवन में आ रही समस्याओं तक का समाधान होता है।




### पौधे लगाना जितना महत्वपूर्ण, उससे कहीं अधिक उनकी देखभाल कर विशाल वृक्ष बनाना: विनीता

रेवाड़ी। मंगलवार को सेक्टर-4 में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के उद्देश्य से 200 फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किए गए। इस मौके पर नगर परिषद की चेयरपर्सन विनीता पीपल, एडवोकेट नरेंद्र पीपल, नप के पूर्व चेयरमैन विजय राव, पूर्व पार्षद गुरदयाल सिंह नंबरदार, सेक्टर-3 आरडब्ल्यूए के प्रधान यशपाल, आरडब्ल्यूए सेक्टर-4 के उपप्रधान यजदेव, महासचिव सुरेश कुमार, डा. अभय सिंह, डा. राजवीर सिंह, संजय बत्रा, नवल सिंह, शांता कुमार, नरेश कुमार, बाबूलाल शर्मा, सुभाष शर्मा, सरपंच लाल सिंह और पवन कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पौधारोपण अभियान का संचालन सुरेंद्र यादव आर्किटेक्ट एवं आरडब्ल्यूए सेक्टर-4 के प्रधान सुरेंद्र कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुआ। नगर परिषद की ओर से सभी पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड उपलब्ध कराए गए। पौधे रोपित करके ट्री-गार्ड स्थापित किए गए। विपुल यादव ने पौधों के संरक्षण के लिए योगदान देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर नप चेयरपर्सन विनीता पीपल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें विशाल वृक्ष बनाना है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण करने कस आह्वान किया। विजय राव ने पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला। चेयरपर्सन ने कृष्णा पार्क सेक्टर-4 में भी पौधारोपण किया। आरडब्ल्यूए के महासचिव सुरेश कुमार ने सभी अतिथियों व नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

### पर्यावरण की रक्षा से आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा स्वच्छ वातावरण: विनोद कुमार

कोसली। लिसान गांव के शहीद छाज्जूराम राजकीय उच्च विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यापकों और विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। अध्यापक कृष्ण कुमार पूनिया ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल भी करने की अपील की। हैडमास्टर विनोद कुमार ने कहा कि पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण की रक्षा से ही आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण मिलेगा। इस अवसर पर ईको क्लब प्रभारी देवेंद्र कुमार, राजकुमार, मुकेश कुमार, सरला देवी, पूनम देवी व नीरज आदि रहे।





### प्रजापति समाज 9 अगस्त को मनाएगा दक्ष प्रजापति जयंती, मेधावी होंगे सम्मानित

रेवाड़ी। प्रजापति समाज की ओर से गुरु दक्ष प्रजापति जयंती एवं प्रजापति सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। समारोह को लेकर प्रजापति कुम्हार सभा के अध्यक्ष रोशन लाल प्रजापति की अध्यक्षता में समाज की कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी 9 अगस्त को सुबह 10 बजे समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रजापति समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समाज की आगामी बैठक 25 जुलाई को निर्धारित की गई है। बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों को जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी। इस मौके पर श्रीराम थानेदार, वीर सिंह प्रधान, हरिकिशन, संजय प्रधान, सुरेश कुमार, सुनील कुमार, राजकुमार आदि रहे।

### जेजेपी युवा और इनसो ने जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज के विरोध में सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

रेवाड़ी। दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान हुए लाठीचार्ज एवं आंसू गैस के प्रयोग के विरोध में जेजेपी युवा इकाई एवं इनसो के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सीटीएम जितेन्द्र कुमार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने घटना की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने, दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा भविष्य में शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रदर्शनों के दौरान अनावश्यक बल प्रयोग पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही घायल छात्रों को समुचित उपचार एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है।



## वार्षिक बैठक : एएलटी गाइड सीमा यादव को राज्यपाल से मिला विशेष सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की राज्य परिषद की वार्षिक बैठक में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ की जीव विज्ञान प्रवक्ता एवं एएलटी गाइड सीमा यादव को सम्मानित कार्यभार एवं सम्मानित पद का सम्मान दिया गया। सीमा यादव को हरियाणा लोक भवन चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल एवं हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के अध्यक्ष प्रो. असीम घोष ने सम्मानित किया। यह सम्मान उन प्रशिक्षकों को प्रदान किया गया, जिन्होंने राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी में असिस्टेंट लीडर ट्रेनर कोर्स पूर्ण किया तथा स्काउट-गाइड आंदोलन के प्रति उत्कृष्ट समर्पण, नेतृत्व एवं प्रशिक्षण कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया। सीमा यादव रेवाड़ी जिले की पहली



एएलटी प्रशिक्षक हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। विशेष उपलब्धि यह भी रही कि वर्ष 2026 में पूरे हरियाणा राज्य से गाइड सेक्शन में सम्मान प्राप्त करने वाली वे एकमात्र एएलटी प्रशिक्षक रहीं, जोकि जिले और पूरे हरियाणा के लिए गर्व का विषय है।

## रेवाड़ी में समैम स्कीम के तहत अनुदान पर कृषि यंत्रों के लिए 468 किसानों का हुआ चयन

- डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी की ओर से निकाला गया ड्रॉ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से स्मैम स्कीम के तहत किसानों को 25 प्रकार के कृषि यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध कराने के लिए किए गए आवेदनों का ड्रा के माध्यम से चयन किया गया। डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता व किसानों की उपस्थिति में जिला स्तरीय कार्यकारिणी कमेटी की ओर से मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में ऑनलाइन ड्रा निकाला गया, जिसमें रोटावेटर के लिए 736 और लेजर लैण्ड लेवलर के लिए 216 आवेदन करने वाले किसानों में से रोटावेटर के लिए 359 व लेजर लैण्ड लेवलर के लिए 109 किसानों का चयन किया गया। ऑनलाइन आवेदन करने वाले किसानों में से चयनित 468 किसानों को इन कृषि यंत्रों पर 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।

डीसी मीणा ने कहा कि योजना के तहत सभी चयनित किसान 27 जुलाई तक अपने संबंधित दस्तावेज सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में जमा कराएं।


रेवाड़ी। कृषि यंत्रों के ऑनलाइन ड्रॉ के दौरान मौजूद अधिकारी व किसान।

### एजुसैट स्कूल चौकीदारों का प्रदर्शन 24 को, शिक्षा मंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

**एजुसैट स्कूल के चौकीदारों को 19 वर्ष की सेवा के बाद भी नहीं मिला है सरकारी कर्मचारी का दर्जा, पक्का करने की उठाई मांग**

रेवाड़ी। एजुसैट स्कूल चौकीदार यूनियन हरियाणा संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की ओर से मांगों को लेकर 24 जुलाई को शिक्षामंत्री के नाम डीईईओ को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यूनियन के जिला प्रधान देवेन्द्र कुमार ने बताया कि यूनियन के सदस्य सुबह 10 बजे नेताजी सुभाष पार्क में एकत्रित होंगे। इसके बाद जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस मौके पर श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी के जिला प्रधान मास्टर सुबे सिंह मुख्य वक्ता होंगे। जिला प्रधान ने कहा कि एजुसैट स्कूल चौकीदारों की 19 वर्ष की सेवाओं के बावजूद सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि चौकीदारों को नियमित कर्मचारी घोषित करने, हरियाणा सरकार की ओर से घोषित न्यूनतम वेतन 18500 देने, साप्ताहिक अवकाश लागू करने, रिटायरमेंट पर 5 लाख रुपए एकमुश्त राशि देने आकस्मिक मृत्यु होने पर 10 लाख रुपए सहायता राशि व परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने, हर महीने 7 तारीख से पहले वेतन भुगतान करन व निर्धारित ड्यूटी के अलावा अन्य कार्यों पर रोक लगान सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

## खेल

**जाटूसाना खंड की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आज हुआ समापन**

### खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

# अंडर-14 प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दम, लॉन्ग जंप में यक्षिता प्रथम

- शॉर्टपुट प्रतियोगिता में ज्योति प्रथम, दिव्या ने 100 मीटर दौड़ में तृतीय व डिंपी ने 100 मीटर में द्वितीय व 200 व 400 मीटर में पाया तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राव निहाल सिंह पब्लिक स्कूल दड़ौली में जाटूसाना खंड की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में सरकारी एवं निजी विद्यालयों के बालक व बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन पर विद्यालय के अध्यक्ष राय सिंह यादव, प्राचार्या सरिता यादव व समस्त स्टाफ ने खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी। साथ ही प्रतियोगिता में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, निर्णायकों व प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।

#### बालिका वर्ग की प्रतियोगिताओं के परिणाम

अंडर-14 आयु वर्ग में ज्योति गांव जुड्डी ने शॉर्टपुट में प्रथम, यक्षिता गांव खुशपुरा ने ऊंची कूद व लंबी कूद में प्रथम, दिव्या गांव सुरहेली ने 100 मीटर दौड़ में तृतीय, डिंपी गांव दखोरा ने 100 मीटर दौड़ में द्वितीय तथा 200 एवं 400 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 आयु वर्ग में रिया गांव टूमना ने शॉर्टपुट एवं डिस्कस थ्रो में प्रथम, मानवी गांव नठेड़ा ने शॉर्टपुट में द्वितीय, विशाखा गांव बोहतवास ने जैवलिन थ्रो में प्रथम, मान्यता गांव बाबड़ौली ने 1500 व 3000 मीटर दौड़ में द्वितीय, मधु गांव बिहारीपुर ने 800 मीटर दौड़ एवं ऊंची कूद में प्रथम तथा नैंसी गांप नागल पठानी ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम तथा 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल किया। अंडर-19 आयु वर्ग में दक्षिता गांव बालधन खुर्द ने 200 मीटर दौड़ में तृतीय, सिमरन गांव खुशपुरा ने हाई जंप एवं ट्रिपल जंप में प्रथम, दीपिका गांव कंवाली ने 3000 मीटर दौड़ में द्वितीय, पंकिता गांव बाबड़ौली ने 800 मीटर दौड़ में प्रथम व 1500 मीटर दौड़ में द्वितीय, हिमांशी गांव खुशपुरा ने लंबी कूद, ऊंची कूद एवं 400 मीटर दौड़ में द्वितीय तथा भानू गांव बेरली खुर्द ने 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।


रेवाड़ी। प्रतियोगिता में लॉन्ग जंप लगाते हुए छात्रा।



#### बालक वर्ग की प्रतियोगिताओं के परिणाम

अंडर-14 आयु वर्ग में प्रिंस गांव सीहा ने 600 मीटर दौड़ में द्वितीय, हिमांशु गांव बाबड़ौली ने 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ व लंबी कूद में प्रथम तथा वंश गांव बालधन कलां ने शॉर्टपुट व डिस्कस थ्रो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 आयु वर्ग में कशिश गांव कृष्णनगर ने 800 मीटर दौड़ में द्वितीय, विकास गांव बेरली ने हाई जंप व ट्रिपल जंप में प्रथम, विदित गांव खुशपुरा ने शॉर्टपुट व डिस्कस थ्रो में प्रथम, दक्ष गांव बाबड़ौली ने 800 मीटर दौड़ व हाई जंप में द्वितीय, रोहित गांव नेहरूगढ़ ने 3000 मीटर दौड़ में दूसरा व 1500 मीटर दौड़ में तीसरा, दक्ष गांव कृष्ण नगर ने 100 मीटर दौड़ में द्वितीय व 200 मीटर दौड़ में प्रथम, हर्ष गांव झाड़ौदा ने 400 मीटर दौड़ व लंबी कूद में प्रथम तथा हाई जंप में द्वितीय, गौरव गांव कृष्ण नगर ने 400 मीटर दौड़ में द्वितीय तथा देव गांव दड़ौली ने 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 आयु वर्ग में अध्ययन गांव कंवाली ने 3000 मीटर व 1500 मीटर दौड़ में प्रथम, वंश गांव भगवानपुर ने 3000 मीटर दौड़ में द्वितीय व 1500 मीटर दौड़ में तृतीय, ध्रुव गांव बालधन कलां ने हाई जंप व लंबी कूद में प्रथम, कार्तिक गांव नठेड़ा ने शॉर्टपुट व डिस्कस थ्रो दोनों में प्रथम तथा आर्यन गांव खुशपुरा ने जैवलिन थ्रो में प्रथम स्थान हासिल किया।